दिनांक 11.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम भिलाई द्वारा डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु प्रभावित वार्ड एवं अन्य वार्डों में निगम द्वारा विभागीय एवं प्लेसमेंट तथा अतिरिक्त लगाये गये सफाई कामगारों एवं श्रमिकों के माध्यम से 05 अगस्त से 10 सितम्बर तक 115799 कूलर खाली कराये गये एवं 8708 कूलर को उतरवाया गया। स्प्रे पम्प से टेलीफास का छिडकाव 129511 स्थानों में कराया गया, फागींग मशीन से 6486 स्थानों एवं 704 स्कूल, 545 आंगनबाड़ी केन्द्रो में किंगफाग का धुआं छोड़ा गया। 840698 मीटर नालियों की सफाई की गई है। जन जागरुकता हेतु 178256 पाम्पलेट का वितरण किया गया।

विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच. जी. ग्रुप के सदस्यों, पी.वी.टी. के बच्चों के सहयोग से 2367 रैली निकाली गई और कन्ट्रोल रुम से प्राप्त होने वाले शिकायतों का प्रतिदिन निराकरण किया जा रहा है। डेंगू के रोकथाम के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु होर्डिंग्स 204, कटआउट 1692 एवं फ्लैक्स 100, स्टैण्डिक होर्डिंग्स 75 विभिन्न क्षेत्रों में लगाया गया है। जन जागरुकता हेतु 06 एप्पे एवं 21 रिक्शों से डेंगू के बचाव हेतु प्रचार–प्रसार नियमित रुप से किया जा रहा है। अतिरिक्त 304 नग स्प्रे पम्प के माध्यम से कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

आज दिनांक 10 सितम्बर 2018 को डेंगू के नियंत्रण हेतु नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा अब तक 561 कूलर खाली कराये गये एवं 54 कूलर को निकलवाया गया। 3038 स्थानों में स्प्रे पम्प से मैलाथियान/टेमिफास का छिड़काव, 165 स्थानों में एवं 15 स्कूल, 9 आंगनबाड़ी केन्द्रो में फागींग के धुएं का छिड़काव कराया गया।

जन जागरुकता हेतु 438 पाम्पलेट का वितरण किया गया है। विभिन्न समाजसेवी संस्थान, निजी चिकित्सा संस्थान, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, एस.एच.जी. ग्रुप के सदस्यों, वी.टी.पी. के बच्चों के सहयोग से 09 स्थानों में रैली निकाली गई। 1350 प्लेसमेंट कर्मचारी, 626 प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली में 212 अतिरिक्त कर्मचारी लगाये गये, 1275 ब्लिचिंग पाउडर पाउच का वितरण किया गया। 186 आवारा सुअर एवं 250 आवारा कुत्ते पकड़े गये। इस पुरे अभियान में प्रभावित वार्ड के नागरिकों के द्वारा डेंगू के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु संलग्न कर्मचारियों को पुरा सहयोग प्रदान कर रहें है। नागरिकों से अपील की जाती है कि डेंगू से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के उपाय अपनाने का भरपुर प्रयास करें ताकि आपके सहयोग से इस कार्य में पूर्णतः सफलता प्राप्त होगी।

23 वार्डों में ए.एन.एम. के मार्गदर्शन में 46 स्प्रे पम्प से टेमिफास का छिड़काव एवं 140 कामगारों को लगाकर प्रभावित वार्ड/बस्तियों में नाली सफाई, कचरा परिवहन के उपरान्त चुना एवं ब्लिचिंग पावडर का छिड़काव कराया गया साथ ही जन जागरुकता का कार्य लगभग 9730 मकानों में जाकर किया गया। 10 सितम्बर को छावनी चौक, खुर्सीपार, शिवालय के सामने एवं वार्ड 36, 37 के सड़क नं. 16 से 18 तक 16 नग आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। जोन 03 के अंतर्गत श्यामनगर, टाटा लाईन कुष्ठ अस्पताल के पास कुल 10 सूअर पकड़कर देउरझाल जंगल में कान में छेदकर छोड़ा गया।

जोन 01 के अंतर्गत वार्ड 02 में कुमार यादव भैंस खटाल से 10 हजार रुपये, जोन 03 के अंतर्गत संजीत गुप्ता से सड़क बाधा 1 हजार रुपये, कुलान सोनकर सड़क बाधा 1 हजार, कुमार

आटो जनता मार्केट से सड़क बाधा 2 हजार, जगदम्बा स्वीट्स जनता मार्केट सड़क बाधा 2 हजार, दिलीप वेदी कालोनी से गंदगी फैलाने 1 हजार, जितेन्द्र साव वेदी कालोनी गंदगी फैलाने 2 हजार, मनोज वेदी कालोनी गंदगी फैलाने से 1 हजार रुपये अर्थदण्ड कुल 20 हजार रुपये अर्थदण्ड की राशि वसूल की गई।

जनसम्पर्क अधिकारी